Title : Request to declare Fatehpur constituency as a drought hit area

श्री नरेश चंद्र उत्तम पटेल **(**फतेहपुर**) :** सभापति महोदया, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे शून्य काल में बोलने का मौका प्रदान किया है। मैं जनपद फतेहपुर (उत्तर प्रदेश) से पहली बार यहां चुनकर आया हूं।

महोदया, मेरे लोक सभा क्षेत्र में कम वर्षा होने की वजह से सूखे की स्थिति उत्पन्न हो गई है। विद्युत आपूर्ति नहीं हो रही है। नहरों में पानी नहीं पहुंच रहा है। किसानों को फसलों का भारी नुकसान हो रहा है, इसके लिए मैं सरकार से कुछ मांग करता हूं। फतेहपुर लोक सभा क्षेत्र में 6 विधान सभाएं हैं और 13 ब्लॉक्स हैं। वहां नहरें हैं, लेकिन पता नहीं किन कारणों से बिजली की आपूर्ति नहीं हो रही है। आज से कुछ साल पहले तक विद्युत की आपूर्ति होती थी। माननीय अखिलेश यादव जी की सरकार के जमाने में किसानों को पूरी बिजली मिलती थी। इस समय विद्युत आपूर्ति न होने की वजह से किसानों की जो धान की फसल, गन्ने की फसल या जितनी भी फसलें हैं एवं जिन फसलों को जल चाहिए, उन फसलों को भारी नुकसान हो रहा है।

महोदया, मैं आपके माध्यम से सरकार से यह कहना चाहता हूं कि फतेहपुर लोक सभा क्षेत्र बुंदेलखंड से लगा हुआ है। बुंदेलखंड भी सूखे से प्रभावित है। मैं यही कहना चाहता हूं कि फतेहपुर लोक सभा क्षेत्र को सूखा घोषित करके किसानों की मदद की जाए। आपने मुझे बोलने का मौका दिया, उसके लिए मैं आपका बहुत-बहुत आभारी हूं।